तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 23 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



11 साढ़े पांच हजार मजदूरों के खाते में ढाई करोड़ रुपए...





12 लगातार अनुपस्थित शिक्षकों पर की जाएगी कड़ी ...





## खबर संक्षेप

### दिसंबर में गायत्री महायज्ञ तैयारी पर हुई गोष्ठी

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आगामी 21 से 24 दिसंबर तक जिला स्तरीय 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन डौंडीलोहारा में किया जाएगा। इस संदर्भ में रविवार को विकासखंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान परिजनों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। गोष्ठी में गोवर्धन उर्वशा, मिलन सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, रंजन लाल गुरुपंच, देवप्रसाद आर्य, केजूराम इस्दा, प्रेम सिंह कोलियारे, पुराणिक लाल सोरी, पीलू राम साहू, वीरेंद्र साहू, कैलाश नाथ साहू, याद राम साहू सहित अनेक परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

### पति-पत्नी ने कारोबारी को ब्लैकमेल कर 30 लाख ऐंठे

**भिलाई।** पति-पत्नी ने ब्लैकमेलिंग कर कारोबारी से लाखों रुपए ठगी किया। शिकायत पर धारा 308 (2), 308 (3), 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी कारोबारी अमित कुमार पाण्डेय ने शिकायत किया है कि राम नगर सुपेला की रहने वाली पूजा विदौलिया नामक युवती ब्लैकमेल कर 30 लाख रूपये लेकर जान से मारने की धमकी दी है। पूजा ने पीड़ित को विश्वास में लेकर रिलेशनशिप में रहनी लगी। पूजा चौहान ग्रीन वेली के मकान मे रहती थी। अमित और पूजा कुछ दिन बाद दोनों अलग हो गए। पूजा ने अलग होने के एवज में अमित से 10 लाख रूपये का डिमांड की। पीड़ित ने 8 लाख रूपये नगद व 2 लाख पूजा के बैंक खाते में ट्रांसफर किया। फिर दोबारा पूजा ने वैशाली नगर अमित को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पूजा ने 8 लाख की जेवरात, 2 लाख के कपडा अमित पाण्डेय से लिया। उसके 9 माह बाद सूरज शुक्ला उर्फ प्रतीक अग्निवंशी से विवाह कर ली। पति-पत्नी मिलकर अमित पाण्डेय को ब्लैकमेल करने लगे। धमकी देकर अमित से फिर 7-8 लाख रूपये लिया जो पूजा के खाते में ट्रांसफर किया। इसके बाद भी लगातार पूजा और सूरज शुक्ला ब्लैकमेल कर पीड़ित के बच्चों को परिवार को जान से मारने की धमकी दिया करते थे। झूठे केस में फंसाने की भी धमकी देती रही। परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस से किया।

### हटाए गए अशोक बजरंग नए आयुक्त

**भिलाई।** दो दिन पहले नंदिनी रोड पर कब्जेधारियों पर चले बुलडोजर का असर शनिवार को देखने को मिला। प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी को हटाकर बजरंग दुबे को भिलाई निगम का नया आयुक्त बनाया गया है। बजरंग दुबे लंबे समय से प्रशासन में निर्वाचन का काम देख रहे थे। शनिवार को उन्होंने प्रभार भी ले लिया। बता दें कि भिलाई निगम के आयुक्त देवेश ध्रुव के ट्रांसफर के बाद अशोक द्विवेदी को प्रभार दिया गया था।

# नवरात्रि को अब 10 दिन शेष पर जोर-शोर से हो रही तैयारी, सजने लगे पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेयता/थानखमरिया

पितृ पक्ष के समापन के बाद दूसरे दिन से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो जाता है। इस बार पितृमोक्ष अमावस्या के बाद 3 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ हो जाएगी। हालांकि माता दुर्गा की भक्ति का पर्व शुरू होने में 10 दिन बाकी है, लेकिन जिला मुख्यालय सहित अन्य नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी तैयारियां जोरों पर है। एक ओर जहां देवी मंदिरों में साफ-सफाई एवं रंग रोगन की जा रही है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न समितियों द्वारा पंडालों में भी माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। नगर में दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया जाता है,

## देवी मंदिरों में साफ-सफाई के साथ किया जा रहा रंग-रोगन



### दुर्गा पूजा के साथ रचनात्मक कार्य भी

समिति द्वारा दुर्गा उत्सव आयोजन के साथ ही सामाजिक बुराइयों को भी दूर करने का संदेश देती है। जन सेवा व समय-समय पर समाज के सहयोग से रचनात्मक जी कार्य भी करती है। सदस्यों में दुर्गा उत्सव को लेकर जबरदस्त उत्साह है और पूरी जिम्मेदारी से पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। 3 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ नवरात्रि की शुरुआत होगी।

जिसकी तैयारी प्रारंभ हो गई हैं। नगर में मुल्लू चौक की महारानी दुर्गा उत्सव समिति की झांकी पंडाल की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। कारीगर पंडाल तैयार करने में रात-दिन लगातार लगे हुए हैं। यहां पंडाल को मंदिर की झांकी का स्वरूप दिया जा रहा है।

समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा व सजावट नगर में आकर्षण का केंद्र रहता है। समिति के पंकज अग्रवाल, रौनक मुरारका, राहुल छाबड़ा, आयुष अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, राम अग्रवाल, उदित बिंदल, हितेश कागलीवाल, कुणाल केडिया, संजीत पसरीजा, कान्हा बिंदल, कान्हा अग्रवाल, प्रभात सिंह एक-एक कार्य को अपनी उपस्थिति में पूर्ण करा रहे हैं।

**आयोजन :** बेरला में लगातार 23वें वर्ष किया गया जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन

# बेरला में 70 सेवानिवृत्त शिक्षकों का पूर्व राज्यपाल बैस ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

बेरला नगर में रविवार 23वें वर्ष जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस थे, अध्यक्षता पूर्व महानिदेशक छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मुकुंद हम्बर्डे ने की। प्रसिद्ध सूफी गायक पद्मश्री मदन चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बेमेतरा शिक्षा जिला के सितम्बर 2023 से अगस्त 2024 में सेवानिवृत्त हुए 70 शिक्षकों का सम्मान किया गया। साथ ही प्रतिभा सम्मान के तहत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक भुवन लाल साहू एवं केंवरा सेन को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा विकासखंड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सभी विकासखंड के बीईओ, बीआरसी, डीएमसी एवं शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष तथा ब्लॉक अध्यक्ष का सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि स्थानीय भाषा में प्रतियोगिता परीक्षा होने से स्थानीय बच्चे भी प्रशासनिक सेवाओं में जा रहे हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य करते हुए राज्यपाल, राष्ट्रपति पुरस्कारों को उद्देश्य बनाने के लिए कहा।




### पूर्व विधायक चंदेल ने जताया आभार

स्वागत देते हुए संयोजक एवं पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के व्यक्तित्व एवं राजनैतिक सफलताओं और प्रशासनिक कार्यकुशलता पर बात की। शिक्षक सम्मान समारोह के सतत आयोजन में सहयोग के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं सहित शिक्षा विभाग के योगदान के लिए उनका आभार जताया। इसके साथ ही शिक्षक समुदाय के योगदान के लिए ऐसे आयोजन प्रत्येक स्कूल में हो, इस बात पर उन्होंने जोर दिया।

### सीखना कैसे है, यही सिखाएं : हम्बर्डे

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुकुंद हम्बर्डे पूर्व महानिदेशक छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने शिक्षकों से संयमित व्यवहार करते हुए छात्रों के चहुंमुखी विकास पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने सीखना कैसे है, यही सिखाने की बात कही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मदन चौहान ने गजल, भजन एवं सूफी गायन के संबंध में अपनी बात रखी। इस अवसर पर संध्या परगनिहा, राहुल टिकरिहा, मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, यशवंत वर्मा, छोटू साहू, जनपद अध्यक्ष प्रीतम सिंह चन्देल, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा साहू, प्रज्ञा निर्वाणी, रीना साहू, चंद्रहास वर्मा, ललिता साहू, महामंत्री गौकरण साहू, डोमेन्द्र सिंह राजपूत, अमृत लाल माहेश्वरी, विजय सुखवानी, कैलाश शर्मा, मानक चतुर्वेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन के आह्वान एवं ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन के निर्देश में जिला मुख्यालय के सिग्नल चौक पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा नेता पंचू साहू ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने विदेश में जाकर अपनी छुपी हुई सच्चाई प्रकट करते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण खत्म करने की बात कहते हैं और विदेशों में जाकर भारत के प्रति अपमान जनक टिप्पणी करते हैं। राहुल गाँधी की यह सोच देश विरोधी मानसिकता को दर्शाता है, जिसके विरोध में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राहुल गाँधी का पुतला दहन किया गया। जिला मंत्री रेवा राम निषाद ने कहा कि राहुल गाँधी चुनाव के दौरान भाजपा को आरक्षण विरोधी बताते हैं, जबकि खुद विदेश में जाकर आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं, जिसका विरोध पूरे देशवासी कर रहे हैं। इस दौरान पंचू साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा छत्र कुमार देवांगन रेवाराम निषाद, कृष्णा वैष्णव, डॉक्टर भुनेश्वर साहू, संतोष वर्मा, युगल देवांगन शहर मंडल अध्यक्ष, कमलेश वर्मा, जीतेन्द्र साहू, लक्ष्मी लहरे, नीतू कोठारी, सजनी यादव, देवराम साहू, राकेश वर्मा महामंत्री, डोमन साहू, युवराज साहू सुरेंद्र साहू, डॉक्टर लालाराम साहू उपस्थित रहे।

- विदेशों में जाकर भारत के प्रति अपमान जनक टिप्पणी का लगाया आरोप

# बेमेतरा जिले में बुजुर्गों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**बेमेतरा।** जिले के वयोवृद्ध जनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बेमेतरा जिला चिकित्सालय सहित ज़िले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों बेरला, साजा, नवागढ़, और खंडसरा में 23 सितंबर को निःशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करना और उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

शिविर के दौरान वयोवृद्ध व्यक्तियों का संपूर्ण चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की जांच, परीक्षण, और स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं का निदान किया जाएगा। साथ ही, जिन्हें आवश्यकता होगी उन्हें उपचार प्रदान किया जाएगा। शिविर में जांच के बाद सभी योग्य वयोवृद्ध व्यक्तियों के लिए आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) और आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। यह कार्ड उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत चिकित्सा लाभ प्राप्त करने में मदद करेगा। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. भेखराम साहू ने बताया कि जिले के सभी वयोवृद्ध नागरिकों को इस शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने ज़िले के सभी वृद्ध जनों से अपील की है कि वे संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला चिकित्सालय में समय पर पहुंचकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में भाग लें और अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। इस निःशुल्क शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों की पहचान और रोकथाम के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी, जो वृद्धावस्था से जुड़े सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं जैसे रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, ऑर्थोपेडिक आदि अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी जायेगी।

# छात्राओं के पोषण और स्वास्थ्य का रखें पूरा ध्यान, कोताही बर्दाश्त नहीं : दिव्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के नवागढ़ एवं सम्बलपुर के कन्या आश्रम का डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई ने औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने वहाँ रहकर पढ़ाई करने वाली छात्राओं से बातचीत की। इस दौरान श्रीमती पोटाई ने उपस्थिति पंजी एवं आवश्यक अभिलेखों की संधारण की जानकारी भी ली। छात्रावास का निरीक्षण करते हुए उन्होंने छात्रावास के अधीक्षकों से छात्रावास के संबंध में चर्चा करते हुए वहां की साफ सफाई और छात्राओं को दिए जाने वाले भोजन के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि छात्रावास में छात्राओं के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जाए। बच्चियों के बीमार होने की दशा में किसी भी प्रकार की कोई कोताही ना बरती जाए। उनके निर्देश पर निरायु की टीम ने नवागढ़ महिला छात्रावास में आकर छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।

- डिप्टी कलेक्टर ने कन्या छात्रावास का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास के प्रभारी से वहाँ की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बालिकाओं के लिए संचालित विद्यालय में रीडिंग जोन बनाने के साथ-साथ सभी खिड़कियों में जाली लगाने, परिसर में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान साथ मे तहसीलदार, छात्रावास अधीक्षक रेनू साहू, चित्रा डहरे, संध्या साहू उपस्थित थे।

## डाइट में विज्ञान शिक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

# प्रशिक्षण हमें पूरी तरह चार्ज कर देता है : घृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विज्ञान शिक्षकों के लिए विज्ञान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि किसी भी वस्तु या घटना का क्रमबद्ध अध्ययन ही विज्ञान कहलाता है। किसी भी तथ्य को जांचना, परीक्षण करना, सिद्ध करना, तब मानना विज्ञान कहलाता है। किसी भी तथ्य को सत्यापित करना, प्रूफ करना ही विज्ञान कहलाता है। जिस प्रकार मोबाइल की बैटरी कम हो जाने पर उसे चार्जिंग करनी पड़ता है। ठीक उसी प्रकार प्रशिक्षण हमें पूरी तरह से चार्ज कर देता है, ताकि हम फिर से अपने कार्य को पूरी लगन और उत्साह के साथ पूरा कर सकें।

- अंतिम दिन डाइट के प्राचार्य ने शिक्षकों का किया मार्गदर्शन

श्री घृतलहरे ने कहा कि विज्ञान एक ऐसा विषय है जो पूरी तरह प्रयोग पर आधारित होता है। आज शिक्षक तो बहुत है। आज हर बच्चा कहता है कि आगे चलकर वह शिक्षक बनना चाहता है। लेकिन आज अच्छे शिक्षकों की बहुत कमी है। यही कारण है कि हमारा रिजल्ट भी सही नहीं आ रहा है। लर्निंग आउट कम बहुत कम आ रहा है। लर्निंग आउट कम याने सीखने का प्रतिफल जब तक अधिक नहीं होगा, हम सफल नहीं हो सकते। इसी लर्निंग आउट कम की कमी को दूर करना है। आज हमारे सभी शिक्षक सही समय पर स्कूल जाएं, सही समय पर कक्षा में जाएं और पूरी तन्मयता व ईमानदारी के साथ अध्यापन कार्य करें, तो इस लर्निंग आउटकम की कमी को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कक्षा में जाएं तो संबंधित विषय और टॉपिक की अच्छी तैयारी के साथ जाएं। अगर हम पूरी तैयारी के साथ नहीं जाएंगे तो हम बच्चों को कक्षा में अच्छे से नहीं बता पाएंगे।





### प्रशिक्षण में जो भी सीखा, बच्चों तक पहुंचाएं

वरिष्ठ व्याख्याता डॉक्टर बसुबंधु दीवान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यहां से जो कुछ भी आपने सीखा है, उसे 100 प्रतिशत बच्चों तक, कक्षा तक पहुंचाएं। प्रायोगिक कार्य पर ज्यादा जोर दें। अपने बच्चों को नियमित रूप से प्रायोगिक कार्य कराएं, तभी इस प्रशिक्षण की सार्थकता है।

**अंतिम दिन कोशिका एवं स्टोमेटा का किया गया अध्ययन-** इस तीन दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में मंजू साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका तथा केजहा राम निषाद व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल करंजिया नवागाँव तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेया दुबे इस प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स की की भूमिका निभा रहे हैं। जबकि इस प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डाइट की व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे हैं। अंतिम दिवस में पत्तियों और प्याज के छिलके की स्लाइड बनाकर सूक्ष्मदर्शी की सहायता से कोशिका एवं स्टोमेटा का अध्ययन किया गया। साथ ही साथ सूखे और गीले बीजों में श्वसन की क्रिया होती है, इसका प्रयोग द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस तीन दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन के अवसर पर संस्थान के व्याख्याता, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, सहित सभी अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्य उपस्थित थे।

### घर-घर जाकर की जाएगी पशुधन की गिनती

**बालोद।** सितंबर से दिसंबर 2024 तक पशुधन संगणना का कार्य किया जाना है। इसके लिए उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बालोद के मार्गदर्शन में 21वीं पशु संगणना प्रशिक्षण सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बालोद के डी.आई. लैब सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में राज्यस्तरीय पशुधन संगणना मास्टर ट्रेनर डॉ. सुधीर पंचमाई, संभागीय नोडल अधिकारी द्वारा जिले के समस्त 133 प्रगणकों एवं 16 सुपरवाईजरों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण एवं सॉफ्टवेयर की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रदान किया गया। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. डी.के. सिहारे ने बताया कि पशु संगणना के तहत जिले में 695 ग्राम एवं 132 नगरीय वार्ड में प्रगणक घर–घर जाकर पशु संगणना का कार्य करेंगे।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# किरणमयी ने कहा- महिलाओं ने जेल में दिखाए बर्बरता और अत्याचार के निशान, सबूत मिटाने का हो रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कवर्धा के लोहारीडीह गांव में हुई आगजनी और हत्याकांड के मामले में दुर्ग जेल में बंद 33 महिला बंदियों से मिलने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक केंद्रीय जेल शनिवार को पहुंचीं। यहां उन्होंने महिला बंदियों से पूछताछ कर बयान दर्ज किया। उनके साथ में एक शासकीय डॉक्टर, पुलिस प्रशासन की ओर से आईयूसीएडब्ल्यू प्रभारी पद्मश्री तंवर और दुर्ग तहसीलदार क्षमा यदु मौजूद थीं। किरणमयी नायक का कहना है कि उनको महिलाओं ने बर्बारता और अत्याचार के निशान दिखाए हैं। जेल में महिलाओं के घावों को भरकर सबूत मिटाने के लिए उनको ऐसी दवाई जी रही है, जिससे निशान जल्द मिट सकें। इस मामले की पूरी रिपोर्ट बनाकर मैं राज्यपाल और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजूंगी।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया, जेल में 33 महिलाओं को गिरफ्तार कर रखा गया है। इनमें से 30 महिलाओं के शरीर पर चोट के निशान हैं। महिलाओं को अलग कमरे में ले जाकर वन टू वन उनसे बातचीत की और उन्होंने अपने कपड़े हटाकर अपने घाव दिखाए। इनके साथ बहुत ज्यादा अत्याचार किया गया है। एक लड़की अपने घर तीजा मनाने आई थी, उसको भी पकड़ कर जेल में डाल दिया गया है। रात को घरों में घुसकर महिलाओं को घरों से निकालकर गिरफ्तार किया गया और इनके साथ घरों के अलावा थाने में मारपीट की गई है। उन्होंने बताया, एक महिला को गिरफ्तार कर जेल में लाया गया फिर उसके बेटे की मौत के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया था। यह किस प्रक्रिया के तहत हुआ, इसे जानने की जरूरत है। श्रीमती नायक ने बताया, कई महिलाओं के शरीर पर चोट हैं, जो बता रहे हैं कि उनके साथ में कितनी बर्बरता की गई है। इनमें कई देवरानी जेठानी हैं, तो कई एक ही परिवार की हैं।

### अपनी रिपोर्ट बनाकर राज्यपाल और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजूंगी

#### 33 का बयान लिखवाया ढाई घंटे में

श्रीमती नायक ने बताया कि पहले तो हमारी वकील को भी साथ में जाने नहीं दिया जा रहा था, लेकिन बाद में वकील को अंदर भेजा गया। मैंने अपनी वकील से 33 महिलाओं का बयान लिखवाया है। इसमें करीब ढाई घंटे का समय लगा। साथ में मोबाइल भी नहीं ले जाने दिया गया और महिलाओं के साथ फोटो भी नहीं खींचने दी।



## खबर संक्षेप

### मनीष बने फाडा के नेशनल चेयरमैन



रायपुर। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने मनीष राज सिंघानिया को अपने नेशनल एकेडमी एंड रिसर्च के चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया है। वे 2022 से 2024 तक फाडा के अध्यक्ष रह चुके हैं और पिछले 15 वर्षों में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। श्री सिंघानिया ने अपने नए कार्य में एकेडमी कस्टमर एक्सपीरियंस इंडेक्स 2.0 के अध्ययन पर जोर दिया है। उनका लक्ष्य ऑटो रिटेल सेक्टर से जुड़ी विविध अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से डीलरों, आपूर्तिकर्ताओं और निर्माताओं के बीच समझ और सहयोग बढ़ाना है।

### खेमबाई को पीएचडी



रायपुर। रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने अवंति विहार तेलीबांधा निवास खेमबाई साहू को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय महादेवी वर्मा के गद्य साहित्य में वैचारिक संघर्ष : एक अध्ययन था। उन्होंने अपना शोध रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सविता वर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया। उन्होंने इस उपाधि का श्रेय हिंदी विश्वविद्यालय के सभी अध्यापक, परिजन, सहयोगियों और मित्रों को दिया है।

### स्किन रोग जांच शिविर में 250 मरीजों ने कराई जांच



रायपुर। वी कैन फाउंडेशन की ओर से शनिवार को निशुल्क स्किन रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 250 के करीब लोगों ने पहुंचकर जांच शिविर का लाभ उठाया। यह शिविर स्व. ममता शुक्ला की स्मृति में लगाया गया। शिविर में डॉ. के. रवि राव (एमबीबीएस, एमडी) (वीडीएल) ने मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया। जांच शिविर में मुंहासे एवं दाग धब्बे, नाखून के रोग, सफेद दाग एवं ल्यूकोडर्मा, कुष्ठ रोग, समस्त प्रकार के रतीज रोग, पुराना एक्जिमा एवं एलर्जी, कॉस्मेटिक सर्जरी, बालों के रोगों का संपूर्ण इलाज, त्वचा एवं चेहरे में चमक लाना, शरीर में खुजली या दाद, बच्चों के त्वचा संबंधी उपचार, सोरियासिस का जांच एवं उपचार किया गया। जांच शिविर में पहुंचे निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने कहा कि प्रदूषण और खानपान की वजह से आज अन्य बीमारियों के साथ त्वचा संबंधी रोगों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इसलिए इनसे बचने के लिए हर छह महीने में शरीर की जांच जरूर करानी चाहिए। इस संबंध में फाउंडेशन के डायरेक्टर कुणाल शुक्ला ने बताया कि आज पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहा है। ऐसे में स्किन की देखभाल करना जरूरी हो गया है।

### महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा

# नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 3 को, एक घंटे का होगा प्रश्नकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को गांधी सदन के सामान्य सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित है। सामान्य सभा की बैठक में इस बार 32 एजेंडे सदन में चर्चा के लिए रखे जाएंगे। महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद के कार्यकाल की यह अंतिम सभा हंगामेदार होने के आसार हैं। जनहित से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष शहरी सरकार को घेरने की तैयारी में है। सामान्य सभा शुरू होने से पहले 1 घंटे का प्रश्नकाल होगा। इसके लिए आधा दर्जन पार्षदों ने शहर विकास से जुड़े विषयों पर दर्जनभर प्रश्न लगाए हैं।

सामान्य सभा की बैठक में शास्त्री बाजार के नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर की दुकानों के आवंटन, गांधी मैदान के कांजी हाउस परिसर में निर्मित दुकानों के लीज नवीनीकरण का मुद्दा गरमाएगा। विपक्ष इस एजेंडे में नगर निगम की भूमिका पर सवाल उठाने के मूड में है। यही नहीं, निगम मुख्यालय के पास बनाई गई 3 दुकानों के औचित्य और इसके निर्माण को लेकर शहरी सरकार सवालों के घेरे में आ सकती है। विदित हो, गांधी सदन वाले मार्ग में नगर निगम द्वारा 3 नई दुकानें 2 साल पूर्व बनवाई गईं। यह दुकानें किस हिसाब से बनाई गईं, कैसे बनी, इस पर सवाल उठाये जाएंगे।

- परिषद को जनहित के मुद्दों पर सदन में घेरने विपक्ष रणनीति बनाने में जुटा
- हंगामेदार होगी बैठक, 2 दिन सभा चलने के आसार, 32 एजेंडे




#### 10 ई बस की राशि मद परिवर्तन पर हो सकता है हंगामा

नगर निगम द्वारा 10 ई बसों की खरीदी और चार्जिंग स्टेशन के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 12 करोड़ की राशि का मद परिवर्तन कर दूसरे कार्यों में खर्च किये जाने को लेकर सवाल उठ सकते हैं। ई बस खरीदी के प्रस्ताव को नगर निगम ने हाल ही में निरस्त कर दिया था। नगर निगम को इस मद में मिली 12 करोड़ की राशि अन्य कार्यों में खर्च की जाएगी।

#### रोड स्वीपिंग मशीन का दायरा बढ़ाने पर सवालों की लगेगी झड़ी

शहर की प्रमुख सड़कों से धूल हटाने अभी तक 86 किलोमीटर के चिन्हांकित सड़क की सफाई मेकैनाइज्ड तरीके से रोड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही है। इस मशीन का दायरा नया रूट के साथ 66 किलोमीटर और बढ़ाने का प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होनी है। विपक्ष इस मुद्दे पर सवाल उठा सकता है कि पूर्व में रोड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही सफाई से क्या शहर की धूल कम हुई? शहरवासी क्या इससे संतुष्ट हैं, इसकी कोई रिपोर्ट तैयार हुई है या नहीं, इसका जवाब शहरी सरकार को सदन में देना पड़ सकता है। इसके साथ नामकरण, जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

#### प्रश्नकाल में पार्षद ने लगाए प्रश्न

**सूर्यकांत राठौर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष**

- मोनो रेल परिवहन के लिए मास्को सरकार के साथ महापौर ने एमओयू किया है : मेयर की यात्रा सरकारी है या निजी?
- नगर निगम अधिनियम के तहत किस धारा में विदेश में एमओयू का अधिकार है, यदि हां तो किसे?
- महापौर द्वारा एमओयू किये जाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार से अनुमति की आवश्यकता है क्या? यदि हां तो क्या अनुमति ली गयी है?
- रायपुर से दुर्ग के बीच मोनो रेल परिचालन में कुम्हारी, चरौदा, भिलाई व दुर्ग नगरीय निकाय क्षेत्र आते हैं, इन नगरीय निकाय क्षेत्र से विधिवत अनुमति ली गई है, क्या?
- अमृत मिशन योजना में किन-किन वार्डों में कार्य किया गया है कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी दें? योजना के तहत किन घरों एवं व्यवसायिक परिसर में पानी दिया जायेगा। उसका समय कितना होगा? योजना के तहत मीटर के माध्यम से जल प्रदाय होगा प्रति यूनिट की इसकी दर क्या होगी?

# भूपेश ने कहा- लोहारीडीह मामले में जेल में बंद सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज कराया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, लोहारीडीह गांव में तीन-तीन हत्या होने की घटना आपसी रंजिश में और पुलिस मारपीट में प्रशांत साहू की हत्या ये तीन मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। जेल में बंद जो कैदी हैं, उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया है। वे न बैठ पा रहे हैं, न चल पा रहे हैं। जो महिला जेल में बंद हैं या जो कवर्धा जेल में बंद पुरुष हैं, उन सबकी मेडिकल जांच के बाद न्यायिक जांच होना चाहिए।



इसमें एसडीएम अपने कलेक्टर के खिलाफ, अपने एसपी और सीनियर अफसर के खिलाफ क्या जांच करेगा? इसमें न्यायिक जांच होनी चाहिये। उन्होंने कहा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे लेकर बंद का अव्हान किया था और बहुत सफल रहा। जो संदेश देना था, वो सफल रहा। जनता तक के लिये और सरकार के लिये। श्री बघेल ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, घटना के बाद एसपी, कलेक्टर, डीएसपी को हटाया गया और रेंगाखार थाना से पूरे स्टाफ को बदल दिया गया। सरकार पहले इसे आत्महत्या की घटना बता रही थी। अब सरकार ने स्वीकार कर लिया कि ये उसकी नाकामी है। उन्होंने कहा, हम लोगों ने कवर्धा और दुर्ग जेल में लोहारीडीह के लोगों से मुलाकात करने भी आवेदन लगाया, पर उनसे मिलने से रोक दिया गया।

#### जेल में बंद लोगों के शरीर पर चोट के निशान

श्री बघेल ने कहा, प्रशांत साहू की जो मां है और उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में जो मार पड़ी है और उसके दोनो भाई के शरीर में चोटो के निशान हैं। उन्होंने बताया कि लोहारीडीह के जो लोग गिरफ्तार हुये हैं, उनकी स्थिति भी इसी प्रकार से सभी के शरीर पर चोट के निशान हैं, कोई खून की उल्टी कर रहा है, कोई चल नहीं पा रहा है, कोई उठ बैठ नहीं पा रहा है, कोई खा पी नहीं पा रहा है, ये स्थिति बनी हुयी है। सबसे पहले मेरी डिमांड है कि लोहारीडीह के जो लोग जेल में बंद हैं, उनको अस्पताल में भर्ती करायें और उन सभी के पूरे शरीर की जांच करायें।

#### 50-50 लाख के मुआवजे की मांग

उन्होंने बताया कि मृतक प्रशांत साहू की पत्नी की पहले से मृत्यु हो चुकी है। पांचो बच्चे घर में हैं उनकी कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा, जब हमारी सरकार थी, तब भाजपा के लोग 50-50 लाख की मांग करते थे, तो इनके परिवार को भी 50-50 लाख रुपया दिया जाये।

### निजी होटल में जीवन बीमा निगम की अवार्ड सेरेमनी

# एलआईसी अभिकर्ता विजय चांडक को मिला लिम्रा क्वालिटी अवार्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जीवन बीमा निगम को क्वालिटी बिजनेस देने वाले वरिष्ठ अभिकर्ता विजय कुमार चांडक को लाइफ इंश्योरेंस मार्केटिंग एंड रिसर्च एसोसिशन (लिम्रा) अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राजधानी के निजी होटल में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में एलआईसी के अधिकारियों के साथ तीन सौ से ज्यादा अभिकर्ता शामिल हुए।

शनिवार को आयोजित सम्मेलन में जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक (एमपी-सीजी) बी. मांझी, रीजनल मैनेजर मार्केटिंग जीके जैना, एलआईसी रायपुर के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार उपस्थित थे। इस दौरान लिम्रा मोटिवेशनल स्पीकर धीरज मल्होत्रा ने मौजूद अभिकर्ताओं को प्रेरक उद्बोधन दिया। लिम्रा का सम्मान पाने वाले विजय चांडक एलआईसी के 35 साल पुराने अभिकर्ता हैं, वे कार्पोरेट क्लब ऑफ दी राउंड टेबल तथा एमडीआरटी (यूएसए) के सदस्य हैं। उन्हें अब तक कोर्ट ऑफ टेबल का 18 और टॉप द टेबल का 7 बार सम्मान मिल चुका है। वे एलआईसी अभिकर्ताओं के मोटिवेशनल स्पीकर की भूमिका भी निभाते हैं। लिम्रा का अवार्ड वर्ष 1960 से क्वालिटी बिजनेस के लिए प्रदान किया जा जाता है।

### हड़ताली कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं

# धरने पर बैठे दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी सांपों से परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धरना प्रदर्शन के लिए नया रायपुर स्थित तूता में नया धरना स्थल तो बना दिया गया है, लेकिन वहां अभी भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। धरना स्थल के आसपास जंगली झाड़ियों की सफाई नहीं होने की वजह से सांप के साथ कई प्रकार के जहरीले कीड़े धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। नियमितीकरण की मांग कर रहे एक दैनिक वेतन भोगी वनकर्मचारी को सांप डसने की घटना के बाद धरना स्थल पर एक करैत सांप घुस आया था। करैत सांप की चपेट में आने से एक कर्मचारी बाल-बाल बच गया। मौके पर उपस्थित हड़ताली कर्मचारियों ने सांप को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ा। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल, गिरधर जैन, अरविंद वर्मा के मुताबिक धरना स्थल पर टायलेट के साथ पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था नहीं है। टायलेट की व्यवस्था नहीं होने की वजह से महिला प्रदर्शनकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताली कर्मचारियों ने प्रशासन पर अव्यवस्था दूर करने किसी तरह से सुध नहीं लेने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि दैनिक वेतन भोगी वनकर्मचारी अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर डेढ़ माह से तूता में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों ने मांग पूरी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है।

# गृहमंत्री के आश्वासन के बाद अभ्यर्थियों का आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने की अभ्यर्थी पिछले छह वर्षों से मांग कर रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी अब तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं करने की वजह से नाराज अभ्यर्थी एक पखवाड़ा से धरना, प्रदर्शन, आमरण अनशन, भूख हड़ताल कर रहे अभ्यर्थियों ने गृहमंत्री विजय शर्मा के आश्वासन के बाद शनिवार को अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। गौरतलब है कि परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी और उनके परिजन गृहमंत्री के बंगले के बाहर शुक्रवार को धरने पर बैठ गए। अभ्यर्थी तथा उनके परिजन गृहमंत्री के घर के बाहर पूरी रात धरने पर बैठे रहे। गृहमंत्री के घर के बाहर धरने पर बैठे अभ्यर्थी तथा उनके परिजनों को दूसरे दिन सुबह पुलिस जबरन उठाकर बस में भरकर तूता धरना स्थल लेकर गई।

#### गृहमंत्री से दूसरी बार मिला आश्वासन

गौरतलब है कि एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने पूर्व में भी गृहमंत्री से संपर्क किया था, तब भी गृहमंत्री ने अभ्यर्थियों को 15 दिन के अंदर रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था। गृहमंत्री के आश्वासन तथा हाईकोर्ट द्वारा तय समय सीमा के बाद भी एसआई भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहे थे। अभ्यर्थी शुक्रवार को गृहमंत्री के घर के बाहर धरने पर बैठे थे, तब गृहमंत्री स्वयं उनसे मिलने के लिए पहुंचे थे। तब भी अभ्यर्थियों ने मांगें पूरी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की बात कही थी।

### बेटी के साथ क्रूरता, पत्नी के खिलाफ एफआईआर

रायपुर। खम्हारडीह थाने में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के खिलाफ बेटी के साथ क्रूरतापूर्वक व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए लोहे की आयरन से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, एसबीआई शांतिनगर बैंक में मैनेजर विजय मिश्रा ने अपनी पत्नी सपना के खिलाफ बेटी के साथ क्रूरतापूर्वक व्यवहार तथा मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

विजय ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाया है कि वह उसकी बेटी के साथ आए दिन मारपीट करती रहती है, जिसकी वजह से उसकी बेटी मानसिक रूप से बुरी तरह से प्रताड़ित है।

### फेडरेशन की 27 से कलमबंद हड़ताल प्रदेश शिक्षक महासंघ ने किया समर्थन

रायपुर। प्रदेश शिक्षक महासंघ ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 27 सितंबर को आयोजित कलमबंद हड़ताल का समर्थन किया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी कहा है, संघ से जुड़े सभी जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष और पदाधिकारी तथा सदस्य 27 सितंबर के प्रदेश व्यापी आंदोलन में शामिल होंगे। आंदोलन को सफल बनाने का आव्हान करते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि सामूहिक अवकाश लेकर प्रदेश शिक्षक महासंघ इसमें अपना पूरा समर्थन करेगा।दरअसल, भाजपा घोषणापत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान देय दिनांक से 4 फीसदी महंगाई भत्ता दिए जाने, जुलाई 2019 से लंबित मंहगाई भत्ता के एरियर्स की राशि दिए जाने और चार स्तरीय वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता , अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिये जाने की मांग को लेकर 27 सितंबर को प्रदेश के लाखों कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने बताया चरणबद्ध आंदोलन को अब नई सहिबो मोदी के गारंटी लेके रहिबो का नाम दिया गया है।

### 25 सितंबर तक अपर कलेक्टर के कोर्ट में पेश होने के निर्देश

# सिलेंडरों का अवैध कारोबार-भंडारण मामले में गैस एजेंसी और बेकरी फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार के मामले में जिला प्रशासन ने लक्ष्मी गैस एजेंसी कांदुल तथा अवैध भंडारण कर सिलेंडरों का उपयोग करने पर एक बेकरी संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। खाद्य विभाग की टीम ने गैस एजेंसी में छापा मारते हुए वहां बड़ी संख्या में घरेलू एवं कमर्शियल सिलेंडरों की कालाबाजारी करते पकड़ा था। इसी प्रकार बोरियाखुर्द स्थित न्यू नाइस बेकरी फैक्ट्री में छापा मारते हुए करीब साढ़े तीन सौ गैस सिलेंडर जब्त किए थे। इन दोनों प्रकरण



मे विभाग ने अब संचालकों के विरुद्ध नोटिस जारी कर 25 सितंबर को जवाब के साथ अपर कलेक्टर के कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया है।

खाद्य विभाग की टीम ने 27 अगस्त 2024 को न्यू राइस बेकरी में छापा मारा था। इस दौरान टीम ने यहां से 19 किलो वजन वाले 327 व्यावसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए थे। इनमें 90 भरे हुए और 181 खाली तथा 56 नोजल से लगे हुए थे। जांच में पता चला कि इस फैक्ट्री में प्रतिदिन औसतन 2 सौ गैस सिलेंडर उपयोग में लाए जाते हैं, जबकि फैक्ट्री संचालक द्वारा 100 किलो से अधिक विस्फोटक रखने की अनुमति भी विभाग से नहीं ली गई है। इसके अलावा फैक्ट्री में सिर्फ दो अग्निशामक यंत्र ही मिले, जिसका नवीनीकरण भी पेश नहीं किया है।

#### गैस एजेंसी का किया निरीक्षण

फैक्ट्री में छापा मार कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम ने कांदुल स्थित लक्ष्मी गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एजेंसी में दैनिक कुल सिलेंडरों का भंडारण संख्या, आवक संख्या, स्टॉक संख्या एवं पंजीकृत उपभोक्ताओं का विवरण सहित अन्य स्टॉक पंजी मौके पर नहीं पाई गई थी। जांच में वितरण किए गए सिलेंडरों का बिल, वाउचर, स्टोरेज लाइसेंस, अग्निशमन का वैधता प्रमाण पत्र, रेटिंग प्रमाण पत्र भी मौके पर पेश नहीं किए गए। यही नहीं, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एजेंसी को भेजे गए सिलेंडरों की संख्या और एजेंसी के रिकार्ड में अंतर पाया गया। इस तरह इन दोनों मामलों में गैस एजेंसी और फैक्ट्री संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर 25 सितंबर को अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर के कोर्ट में जवाब के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इस निर्देश का पालन नहीं करने पर संचालकों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाही करने की भी चेतावनी दी गई है।

# आत्म सम्मान-स्वाभिमान जगाओ यात्रा का 24 से बसपा सोनाखान से करेगी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बहुजन समाज पार्टी 24 सितंबर से सोना खान-गिरौधपुरी से जनजाति, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बचाओ, आत्म-सम्मान और स्वाभिमान जगाओ यात्रा निकालने वाली है। इसका समापन 9 अक्टूबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में होगा। यहां उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद व बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक व पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामजी गौतम मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय स्टेट समन्वयक एवं प्रदेश प्रभारी एडएनपी अहिरवार, दाऊराम रत्नाकर होंगे। पत्रकारों को यह जानकारी शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने दी। छत्तीसगढ़ में बसपा को मजबूती देने वाले संतोष मार्कण्डे, सूरज तांडी ने बताया कि यात्रा की शुरुआज 24 सितंबर को सुबह 10 बजे सोनाखान गिरौधपुरी से बाबा घासीदास के जैतखंभ को नमन करते हुए निकाली जाएगी। यह यात्रा 15 दिनों तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जाएगी और लोगों को आत्म सम्मान व उनके स्वाभिमान के लिए खतरा बन रही सोच की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। श्याम टंडन ने बताया कि 10 जून को बलौदाबाजार में जो घटना हुई, उसमें निर्दोष सतनामी समाज के लोगों को गिरफ्तार करके उन्हें जेल भेजा गया है। उनकी निःशर्त रिहाई की जाएगी। साथ ही हसदेव अरण्य में कटाई पर रोक एवं पूरे प्रदेश में नक्सलियों के नाम पर आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचार और शोषण को बंद करने सहित सात सूत्रीय मांगें दोहराई जाएंगी। कबीरधाम के लोहारीडीह में हुई घटना निंदनीय है, सरकार वहां तत्काल शांति बहाल करे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे।

- सात सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर में चलाएगी अभियान

# सात समुंदर पार वीसी के जरिए सुनी समस्या, लोक अदालत में निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नेशनल लोक अदालत विदेशों में भी पक्षकार की सुनवाई की है। विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भारत से 11600 किलोमीटर दूर कनाडा में निवास करने वाले व्यक्ति से राजीनामा कराया गया। वही पति व पत्नि के विवादों को भी सुलझ से निपटाया गया। नेशनल लोक अदालत में इस तरह सवा लाख से अधिक मामलो का निपटारा किया गया।

जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला न्यायालय दुर्ग, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3. व्यवहार न्यायालय पाटन एवं व्यवहार न्यायालय धमधा, तथा किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) राजस्व न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसी के तहत थाना भिलाई नगर द्वारा संपूर्ण विवेचना पश्चात न्यायालय विवेक नेताम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दुर्ग के समक्ष आरोपी रूपेश कुमार गुप्ता के विरूद्ध धारा 420 भा.द.सं. के अंतर्गत अभियोग पत्र पेश किया गया था। प्रकरण के प्रार्थी एवं अन्य 11 पीडितगण थे, जिसमें एक पीड़ति प्रदीप सिंह लोहिया कनाडा में निवासरत होने से वीसी के जरिए सुलह कराया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में गिरिजा देवी मेरावी, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय एवं रविशंकर सिंह, एवं अन्य पदाधिकारी, न्यायाधीश, अधिवक्ता तथा विभिन्न बैंक के प्रबंधक उपस्थित रहे।

## अदालत में 133162 मामले निराकृत तथा अवार्ड राशि 304181959 रूपए रही

### वर्ष का तृतीय नेशनल लोक अदालत आयोजित

वर्ष 2024 के इस तृतीय नेशनल लोक अदालत में कुल 8333 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 124829 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि 304181959 रूपये रहा। इसी कम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 526 दाण्डिक प्रकरण, क्लेम के 70 प्रकरण, पारिवारिक मामलें के 103 चेक अनादरण के 382 मामले, व्यवहार वाद के 58 मामलें, श्रम न्यायालय के कुल 17 मामलें तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग के कुल 1056 मामलें निराकृत हुए। नेशनल लोक अदालत में कुल 34 खण्डपीठ का गठन किया गया।



### ये भी प्रकरण आए

उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक सिविल, परिवार, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गये तथा उनका निराकरण आपसी सुलह, समझौते के आधार पर किया गया। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों के आपसी राजीनामा से प्रकरण का शीघ्र निराकरण होता है, इसमें न तो किसी की हार होती है न ही किसी की जीत होती है। परीक्षण हेतु एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन भी किया गया।

## खबर संक्षेप



### बीएसएफ जवानों ने किया 61 यूनिट रक्तदान

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार ब्लड सेंटर में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने हेतु निरंतर शिविर के माध्यम से रक्तदान कराया जा रहा है। इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ मनोज दानी के मार्गदर्शन में एफटीआर मुख्यालय बीएसएफ एसपीएल ओपीएस सीजी मुख्य कार्यालय रिसाली सेक्टर भिलाई में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। बीएसएफ से डॉ वनिता मूर्ति डीआईजी चिकित्सा एवं डॉ तारिख द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाता बीएसएफ जवानों द्वारा 61 यूनिट रक्तदान किया गया। उक्त शिविर में ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ पीयूष श्रीवास्तव, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन रोशन सिंह, नर्सिंग ऑफिसर तरूणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, कुसुम चंद्राकर, निशु, कौशल साहू, अशोक मानिकपुरी, प्रशिक्षणार्थी सुनील, गोवर्धन, रिया, वीना, धनेश्वरी की भूमिका रही।

### पुरानी योजना लागू करने किसान मोर्चा ने रखी मांग



दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष का दायित्व देने पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने बधाई दी, वही उन्होने रमन सिंह शासनकाल में नाई पेटी, लोहार समाज को औजार, बढ़ाई समाज को मुफ्त औजार प्रदान किया जाता था। जिसे पुनः आरंभ करने के लिए जिलाध्यक्ष ने मांग रखी। सन 2011-12 एवं 2012-13 वार्षिक प्रतिवेदन पुस्तिका नियमावली को विधायक ललित चंद्राकर को देते हुए उक्त योजना को पुनः आरंभ करने की मांग की गई। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विनायक ताम्रकार के साथ भाजपा किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी भास्कर तिवारी, जिला आईटी सेल प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र यादव, पवन देवांगन, बालोद किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष तोमन साहु, मोर्चा जिला कार्यालय प्रभारी योगेश यादव, विश्वजीत देशमुख उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय किसान महापंचायत आज



दुर्ग। तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में 23 सितंबर को होने वाले किसान महापंचायत में छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिलों से 36 किसान शामिल होने ट्रेन से दिल्ली रवाना हुए। इसी कड़ी में दुर्ग रेलवे स्टेशन में एसयूसीआई कम्युनिस्ट के दुर्ग जिला सचिव आत्माराम साहू स्वागत किया गया और इस किसान आंदोलन को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएं दी।

## योजनाएं : जिले में तीन लाख से अधिक श्रमिक पंजीकृत

# साढ़े पांच हजार मजदूरों के खाते में ढाई करोड़ रुपए ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के साढे पांच हजार से को अधिक श्रमिको को संगठित व असंगठित योजनाओं के तहत दो करोड साठ लाख रूपए की सौगात विगत दिनों श्रम मंत्री ने दी है। श्रम विभाग के तहत संचालित होने वाले आधा दर्जन से अधिक योजनाओं के लिए पात्र श्रमिको को उनके खाते में डीबीटी के जरिए राशि ट्रांसफर की गई है।

उल्लेखनीय है कि, विगत 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर के श्रमिको के खाते में राशि ट्रांसफर की गई। जिसमें दुर्ग जिले से नौ योजनाओ में 5568 श्रमिको को दो करोड साठ लाख 28445 रूपए खाते में ट्रांसफर किए गए थे। विश्वकर्मा जयंती पर राज्य शासन द्वारा श्रमिको को बडी सौगात दी गई। उल्लेखनीय हैं कि, श्रम विभाग में मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक ओजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशी योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना संचालित है। वही असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक एवं सुरक्षा मंडल के अंतर्गत 6 और मुख्यमंत्री नानी सशक्तिकरण भी 6 योजना संचालित है।

## हितग्राहियों को सामग्री के बजाय मिलेगी अब नगदी राशि



### इन योजनाओं की बांटी गई राशि

विश्वकर्मा जयंती पर मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 330 श्रमिको को 66 लाख, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 273 हितग्राही को 54 लाख 60 हजार रूपए, मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना 1477 को 54 लाख 70 हजार 873 रूपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना 2214 को 39 लाख 46500 रूपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना में 832 को 28 लाख 98072 रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना में 406 को छः लाख नौ हजार, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना में 27 को पांच लाख चालीस हजार, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में पांच को पांच लाख रूपए व निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशी योजना में चार को चार हजार रूपए उनके खाते में

### मशीन व औजार नहीं, नगद मिलेगी राशि

श्रम विभाग में पंजीकृत हितग्राहियों को अब सिलाई मशीन, साइकिल व औजार नही बांटे जाएंगे। बल्कि सीएसआईडीसी में दर्ज कीमत के अनुसार हितग्राहियों को उतने की राशि नगद उनके खाते में डीबीटी कर दी जाएगी। पिछले साल से शुरू किए गए इस पहले के बाद हितग्राहियों को नगद राशि जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हांलाकि इससे बैंक खाते में आधार लिंक कराना जरूरी है। जिसके बाद ही हितग्राही के खाते में राशि आएगी।

### इससे पहले 50 हजार से ज्यादा श्रमिक लाभान्वित

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल 2023 से 18 जून 2024 तक जिले में श्रम विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं 50000 से अधिक हितग्राहियों को करीब 39 करोड रुपए का नगद वितरण किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के तहत संचालित 12 योजनाओं में 32684 श्रमिकों को 19 करोड़ 77 लाख 65130 किया गया है। इसी तरह असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक एवं सुरक्षा मंडल के तहत संचालित 6 योजनाओं में 3638 श्रमिकों को 4 करोड़ 20 लाख 25 हजार 250 रुपए का वितरण किया गया है। सीएम नानी सशक्तिकरण सहायता के 6 योजना 16888 श्रमिकों को 16 करोड़ 99 लाख 9 सौ रुपए जारी किया गया।

### जारी किए गए

विभिन्न योजनाओं के तहत श्रमिको को विश्वकर्मा जयंती पर उनके खाते में राशि डीबीटी के जरिए भेजी गई। जिसमें साढे पांच हजार लाभान्वित हुए है।

**-विकास सरोदे,** श्रमपदाधिकारी, दुर्ग

# ग्रीन लैंड में कचरा डंप गाइडलाइन का उल्लंघन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम द्वारा गंज चौक के आगे महमरा एनीकट जाने वाले सडक मार्ग पर कचरा डंप कर एनजीटी के नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। महमरा नदी जाने वाला मार्ग शिवनाथ नदी से लगा हुआ है,

- निगम प्रशासन नहीं निकाल पा रहा समाधान

वही एरिया मास्टर प्लान में ग्रीन लैंड के रूप में चिन्हित है। इसके बाद भी निगम प्रशासन से नियम कायदों की धज्जियां उडाई जा रही है।

जानकारी अनुसार शिवनाथ नदी के किनारे का एरिया ग्रीन लैंड घोषित है। इस मार्ग पर करोडों रूपए खर्च कर सीमेंटीकरण किया गया है। इसके आलावा हरियाली लाने सडक किनारे नगरनिगम ने ही पौधरोपण किया है। इस इलाके को ग्रीन लैंड के रूप में चिन्हित किए जाने के चलते ही यहां मनोरंजन स्पाट बनाने की प्रक्रिया भी थी। जिसमें लक्ष्मण झूला से लेकर अन्य कार्य शामिल है। यहां मुक्तिधाम होने के कारण भी लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यहां कचरे को डंप करना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने जैसा है। बहरहाल निगम प्रशासन द्वारा कचरा डंप किए जाने के मामले में आय दिन सुर्खियों में हैं। निगम प्रशासन न ही कचरा डंप करने व्यवस्थित जगह खोज पाई हैं और न ही सेग्रीगेशन प्लांट लगाने में सफल हुई है।

### धार्मिक स्थल में होगी परेशानी

महमरा एनीकट में धार्मिक स्थल होने के कारण श्रध्दालु भी यहां से गुजरते है। यही नही महाशिवरात्रि से लेकर दूसरे पर्व में भी यहां आयोजन होता है। ऐसे में कचरा डंप करने से यहां का वातावरण प्रदुषित हो सकता है। पुलगांव नाले में विगत दिनो डंप किए जा रहे कचरें को इसलिए हटाया गया क्योकि वहां बाढ का पानी जमा होता है। जबकि वहां से हटाकर नदी रोड में बनाया गया डंप यार्ड भी बाढ के पानी डूबता है।

# मलपुरीकला में स्वच्छता ही सेवा अभियान, दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्य अतिथि श्रीमती सरस्वती रात्रे अध्यक्ष जनपद पंचायत एवं श्रीमती हेमा साहू सभापति जनपद पंचायत धमधा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत मालपुरीकला जनपद पंचायत

- स्वच्छता रैली के साथ ही मानव श्रृंखला भी बनाई

धमधा में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान आयोजित कर किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा सम्मिलित होकर शपथ ली गई कि अब वे अपने गांव में न गंदगी करेंगे और न ही किसी को गंदगी करने देंगे। जिसमें अध्यक्ष द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छताग्राही को काम करने में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही सभी ग्रामीणों से



अपील की गई कि जब भी स्वच्छाग्रही दीदी आपके घर पर आते हैं तो उसे कचरा अलग-अलग छांट कर ही दें। इस अभियान में ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। मानव श्रृंखला बनाई गई। साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट के उचित प्रबंधन व अपने आस-पास के परिवेश में स्वच्छता बनाए रखने के लिए ग्रामीणों को संदेश दिया गया। ग्राम में मिनीमाता स्व सहायता समूह द्वारा कचरा एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम दौरान ग्राम पटेल मुन्नालाल साहू, सरपंच राम नारायण साहू, प्रभारी प्राचार्य वेणु सप्रे, पंचायत सचिव नोहर राम साहू, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित रहे।

# शिक्षक संगठनों ने जेडी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिक्षा सम्भाग दुर्ग के संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर से शिक्षकों ने मुलाकात कर मिडिल स्कूल हेड मास्टर पद्दोन्नति के संबंध में चर्चा कर अवगत कराया। जिसमें पद्दोन्नति सूची जारी करने पूर्व वरिष्ठता सूची मे सुधार किया जाए, योग्य शिक्षक पद्दोन्नति से वंचित न हो, इसके साथ ही लंबे समय से सहायक शिक्षक से उच्च वर्ग में संस्कृत विषय की पद्दोन्नति पर चर्चा कर अवगत कराया गया। जिस पर कहा गया कि, न्यायालीन मामला समाप्त होने पर संस्कृत का विषय जितना पूर्व में रखा गया है। उसमें किया जाएगा एवम शेष पद्दोन्नति विषय आधारित नही होगा। शेष पदों में पद्दोन्नति वरिष्ठता आधारित होगी। चुकी वर्तमान में विषय बंधन नही है। संभाग के कई जिलों के शिक्षको का उच्च शिक्षा के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नही किया गया। इस पर संयुक्त संचालक द्वारा बताया गया कि, कुछ शिक्षको के दस्तावेज में कमी होने के कारण वापस डीईओ को भेजा गया है। जबकि संबंधित शिक्षक सँयुक्त संचालक द्वारा जारी पत्र के अनुरूप आवश्यक दस्तावेज जिला शिक्षा कार्यालय में जमा कर चुके है। इस पर आज पर्यंत संयुक्त संचालक कार्यालय को प्रेषित नही किया गया। जिसके कारण अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने में विलंब हो रहा है। उच्च वर्ग शिक्षक गौतर राम राडेकर का नाम वरिष्ठता सूची में कार्यभार ग्रहण सूची को आधार बनाया गया है, जबकि वरिष्ठता का आधार नियुक्ति आदेश तिथि होना चाहिए। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी से प्रस्ताव मांगने की बात कही गई। शिक्षको ने बताया कि, प्रधान पाठक मे लगभग ट्राइबल और एजुकेशन मिलाकर 500 पदों पर पद्दोन्नति होगी।

# 25 सितंबर से पहले सर्वे पूरा करने और प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम क्षेत्र के सभी 60 वाडों में पिछड़ा वर्ग से संबंधित लोगों का सर्वेक्षण तेजी से किया जा रहा है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने

- निर्धारित प्रपत्र में परिवार की जानकारी भर रहे

ओबीसी सर्वे में जुटे अधिकारी-कर्मचारियों को 25 सितंबर से पहले सर्वे पूरा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा। बता दे कि सर्वे के दौरान परिवार में सदस्यों की संख्या, शैक्षणिक योग्यता, आय, मकान खुद का है या किराए का, घर में शौचालय, पीने के पानी की सुविधा आदि की जानकारी ली जा रही है। साथ ही परिवार में दिव्यांग सदस्यों की संख्या, घर में रखे वाहन आदि का विस्तार से जानकारी ली जा रही है। इसका उल्लेख निर्धारित प्रपत्र में



भी किया जा रहा है। इन सभी बिंदुओं पर परिवार का सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण करने के लिए निगम के कर्मचारी लोगों के घर जा रहे हैं और सारी जानकारियों का उल्लेख निर्धारित प्रपत्र में कर रहे हैं। आयुक्त ने कहा कि पिछड़े वर्ग से संबंधित सभी निवासियों को सर्वे में भाग लेना आवश्यक है। आयुक्त, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, भवन अधिकारी गिरीश दिवान, सहायक अभियंता जितेंद्र समैया, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, आरके बोरकर, संजय ठाकुर, ईश्वर वर्मा, विनोद मांझी, शुभम गोइर, हरिशंकर साहू आदि अधिकारी सर्वे करने में जुटे हैं। वार्डों के पार्षदों से सर्वेक्षण के दौरान सहयोग ले रहे है।

बता दे कि उनके साथ निगम के सभी उप राजस्व निरीक्षण, सहायक राजस्व निरीक्षण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित शहरी आजीविका मिशन एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी जुटे हुए हैं। सर्वेक्षण कार्य में निगम के लिपिकों समेत कंप्यूटर ऑपरेटरों, सुपर वाइजरों को भी लगाया गया है। राज्य शासन की मंशा के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग में आने वाले सभी परिवारों और सदस्यों की जानकारी एकत्र की जा रही है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## ॥ ईश्तहार ॥

क्र. / 572/ रीडर/तह. /2024
ई कोर्ट के 202409231400038 अ-6
दाढ़ी दिनॉक 20.09.2024

एत द्वारा आवेदिका पुष्पलता त्रिवेदी पति नितीश उम्र 58 वर्ष निवासी आदर्श स्कूल के पीछे देवेन्द्र नगर सेक्टर 01 रायपुर पोस्ट तह जिला रायपुर छतीसगढ़ द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 के तहत वसीयतनामा के आधार पर आवेदन पत्र पेश किया है की आवेदिका के पिता लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी पिता राम कुमार त्रिपाठी के द्वारा ग्राम परसवारा स्थित भूमि खसरा नंबर 32, 33 रकबा 0.74, 0.06, हे. को आवेदिका के पक्ष में दिनाक 31.05.2018 को दो गवाहो के समझ वसीयतनामा निष्पादित किया है जिसे नोटरी द्वारा प्रमाणित किया गया है उपरोक्त वसीयतनामा के आधार पर वसीयत ग्रहीता आवेदिका के नाम पर नामातरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो वह पेशी तारिख 14.10.2024 तक स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 20.09.2024 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एंव इस न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
दाढ़ी

## माता कौशल्या पर आधारित लघु फिल्म का किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

रामायण में माता कौशल्या की महती भूमिका की जीवंत चित्रण करते हुए डेढ़ घंटे का लघु फिल्म जामगांव आर के सेवानिवृत्त व्याख्याता नारायण चंद्राकर मैत्री कुंज भिलाई द्वारा तैयार किया गया है। इस संबंध में रायशुमारी प्रदर्शन जैन भवन जामगांव आर में 22 सितंबर को प्रबुद्ध वर्ग के समक्ष किया गया। सेवानिवृत्त व्याख्याता नारायण चंद्राकर के लेखन से तैयार इस लघु फिल्म का व्यवस्थापन एसी फिल्म के बैनर तले वेदप्रकाश चंद्राकर अमन चंद्राकर ने सजाया संवारा है। नारायण चंद्राकार माता कौशल्या गौरव अभियान समिति अगासदिया परिसर आमदी नगर भिलाई के कोषाध्यक्ष है, वे आल्हा गायन दल का निर्देशन भी कर रहे हैं।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में चला स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान

**बालोद।** नगर पालिका परिषद बालोद क्षेत्र अंतर्गत स्थित घनश्याम सिंह गुप्त पीजी कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता संस्कार, स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी जीएन खरे एवं प्रो. चंद्रोदय दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

### एक देश, एक चुनाव का डॉ मोना ने किया स्वागत

**बालोद।** एक देश, एक चुनाव पर केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मुहर लगाए जाने का भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने स्वागत किया है। बालोद महिला मोर्चा महामंत्री मोना टुवानी सहित भाजपा नेताओं ने अच्छी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने देशहित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। एक देश, एक चुनाव देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सशक्त बनाएगा, चुनावी खर्च कम होगा और विकास कार्यों में तेजी लाएगी। डॉक्टर टुवानी ने कहा कि बहुत लंबे समय से एक देश एक चुनाव की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। लगातार देश के विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव होने से काफी पैसे खर्च हो रहे थे। अब उन पैसों का उपयोग योजनाओं पर खर्च होंगे, जिससे उनके क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी।



### भाठागांव आर स्कूल में दूर हुईवाणिज्य शिक्षक की कमी

**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में वाणिज्य संकाय के शिक्षक के अभाव के कारण बच्चों की पढ़ाई में आ रही बाधा को देखते हुए शाला प्रबंधन समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष केके साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर तत्काल शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। श्री साहू के आग्रह पर जिला शिक्षा अधिकारी ने डोंगीतराई में पदस्थ वाणिज्य संकाय की शिक्षिका सुनीता पांडे को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में अध्यापन के लिए आदेश जारी किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केके साहू ने बताया कि अब वाणिज्य संकाय के बच्चों को पढ़ाई से वंचित नहीं होना पड़ेगा।

### एफएसएनएल स्वच्छता पर व्याख्यान

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा 'मिनी ऑडिटोरियम मेंस्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा'' के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता एवं ब्रम्हकुमारी प्राची बहन के मुख्य आतिथ्य व डॉ. सुनीता वर्मा, विभागाध्यक्ष के विशेष आतिथ्य में हुआ। श्री त्यागी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता पर हमें जोर देना होगा, जैसा कि इस वर्ष का थीम है–स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता इसे हम सबको दिल से अपनाना होगा। ब्रम्हकुमारी प्राची बहन ने कहाकि–बाह्य स्वच्छता का आधार अंदर की स्वच्छता से है, स्वच्छ भारत नहीं भारत को स्वर्ग बनाना है। बाहर को भी साफ रखें अपने अंतर्मन को भी साफ रखें। डॉ.सुनिता वर्मा ने स्वच्छता को स्वयमेव अपनाने पर जोर देते हुए व्यक्ति को अपनी आदत में इस प्रथमतः बनाने से स्वच्छता कायम हो सकती है।

### निधन

#### ओमबती साहू

**अंडा।** ग्राम गोढ़ी निवासी ओमबती साहू (83 वर्ष) का 22 सितंबर को निधन हो गया। वे खेमराज साहू, भेखज, कमल नारायण साहू की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गोढ़ी मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



**कार्रवाई :** बेरला विकासखंड के सभी प्रधानपाठकों की बैठक में डीईओ ने दी हिदायत

# लगातार अनुपस्थित शिक्षकों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शनिवार विकासखंड बेरला के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठकों की एक आवश्यक बैठक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेरला में आयोजित की गई। पूरे विकासखंड बेरला को तीन चरणों में विभाजित करते हुए समस्त विद्यालय के पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठकों एवं प्राथमिक प्रधान पाठकों की आवश्यक समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक में मुख्य रूप से सर्वांगीण गुणवत्ता वर्ष 24- 25 के सफल आयोजन एवं विभिन्न विभागीय गतिविधियों की जानकारी साझा करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे की अध्यक्षता में उक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माध्यमिक विद्यालय के 87 एवं प्राथमिक विद्यालय के 153 प्रधान पाठक शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने सभी शिक्षकों के समय पर उपस्थित होने, सर्वांगीण गुणवत्ता वर्ष के तहत महत्वपूर्ण कार्य त्रैमासिक परीक्षा का सही क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके साथ ही कड़े शब्दों में कहा कि अगर कोई शिक्षक लगातार अनुपस्थित रहता है या समय पर नहीं पहुंच पाता है या बच्चों को गुणवत्ता के अनुसार शिक्षा प्रदान नहीं कर पाता, तो ऐसे शिक्षकों पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।



सहायक संचालक एसपी कोशले ने सभी कार्यों को संपादित करने के लिए निर्देश दिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश करमाकर ने समस्त प्रधान पाठकों को जिला एवं विकासखंड की विभिन्न जानकारी जैसे, यू डाइस की समय पर पूर्णता, एनएएस परीक्षा की तैयारी, नवोदय विद्यालय से संबंधित गतिविधियों को विद्यालय में सही प्रबंधन तरीके से प्रेषित करना एवं शिक्षकों को नवोदय के लिए अलग से क्लास लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इंस्पायर अवार्ड के अंतर्गत विकासखंड में अच्छा कार्य किए जाने पर प्रधानपाठकों की प्रशंसा की। इसके साथ ही उल्लास साक्षरता अभियान के अंतर्गत विकासखंड को 5000 असाक्षरों के लक्ष्य को प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों के माध्यम से बहुत ही अच्छा कार्य करते हुए पूर्ण किए जाने पर बधाई दी। वहीं, उल्लास साक्षरता केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था करने के लिए प्रधान पाठक को सहयोग प्रदान करने की जानकारी दी गई। बीआरसी खोमलाल साहू ने कमजोर बच्चों के लिए एक अलग से पंजी का संधारण कर, यू डाइस को प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अदेश कुमार यूईके ने जीपीडीपी के संबंध में चर्चा की। इस दौरान प्रधानपाठकों ने सभी कार्य समय पर पूर्ण करने एवं बच्चों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रयास करने की बात कही।

## बेमेतरा ने एक गोल से जीती फ्रेंडली फुटबाल प्रतियोगिता



**बेमेतरा/बेरला।** बेरला और बेमेतरा के बीच एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें बेमेतरा ने एक गोल से यह मैच अपने नाम किया। बेरला में लगातार फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। बेमेतरा जिला में एकमात्र बेरला टीम में लगातार फुटबॉल मैच का आयोजन होता रहता है। 2019 से लगातार प्रदेश स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन यहां के मिनी स्टेडियम में किया जाता रहा है। इसमें नगर के प्रबुद्ध जनों का विशेष सहयोग रहा है। पिछले सप्ताह ही तेंदुआ नयापारा की टीम बेरला से फ्रेंडली मैच खेलने आई थी, जिसमें तेंदुआ की टीम ने तीन एक से वह मैच अपने नाम किया था। फुटबॉल मैच के आयोजन में बेरला एफसी के सभी खिलाड़ियों का विशेष सहयोग रहा। जिसमें सुरेश, निर्मलकर, जीवन यादव, प्रमोद बंजारे, संदीप वारे, संजीव साहू, देवेंद्र परगनिया, रविंद्र राजपूत, गुलाब सिन्हा, विजय साव सहित सभी खिलाड़ी शामिल रहे।

### जिलास्तरीय वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए 36 विद्यार्थियों का चयन

**बेरला।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका, गणित पर्यावरण प्रदर्शनी विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस बेरला में हुआ। इसमें विकासखंड के 31 विद्यालय से 213 विद्यार्थी ने भाग लिया। इनमें से 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर के लिए हुआ। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेपी करमाकर, एबीईओ ऊईके, बीआरसीसी खोमलाल साहू, वरिष्ठ व्याख्याता विजेश अग्रवाल, शाला समिति के अध्यक्ष अमृत माहेश्वरी एवं सेजेस बेरला के स्टाफ तथा विकासखंड नोडल अधिकारी सुखनंदन साव एवं डॉ दीपक साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन पर अतिथियों द्वारा सभी जजों एवं चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



## स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष चुने गए राजेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग के सबसे बड़ा संगठन स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ज़िला कार्यकारिणी गठन को लेकर रविवार को बैठक हुई। बैठक में संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से राजेश जायसवाल को निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुन लिया। इसके साथ ही पूरी कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। संघ के निर्वाचन की प्रकिया संपन्न कराने में प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी सरोज बाघमा, दुर्ग संभाग अध्यक्ष प्रवीण रात्रे मोजूद रहे।इस दौरान जिले के चारों ब्लॉक महिला पर्यवेक्षक, पुरुष पर्यवेक्षक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मिलाकर लगभग 150 की संख्या में कर्मचारियों ने निर्वाचन में भाग लिया। अध्यक्ष के रूप में जहां राजेश जायसवाल को जिम्मेदारी दी गई, वहीं ज़िला उपाध्यक्ष टोपी राम चन्द्राकर, महामंत्री रामावतार साहू

ज़िला सचिव राकेश बंछोर, ज़िला सह सचिव देवेंद्र नामदेव, ज़िला कोषाध्यक्ष हिरदेशाय जोशी,

ज़िला प्रवक्ता धनंजय चौहान, मीडिया प्रभारी रेवेन्द्र चन्द्राकर और प्रचार प्रसार मंत्री निलांबर साहू बनाए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के सदस्यों ने बधाई दी।

## प्रेरणा विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण


हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा




प्रेरणा विद्यालय कठिया की कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने राजधानी रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का भ्रमण किया। एम्स को पूरे भारत में सर्वोच्च मेडिकल अस्पताल और कॉलेज के रूप में जाना जाता है। इसकी स्थापना 1956 में स्वतंत्र भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर द्वारा की गई थी, जो एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी भी थीं। वर्तमान में, पूरे देश में केवल 21 एम्स संचालित हैं। रायपुर में एम्स की स्थापना 2012 में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत हुई थी। यह कॉलेज पूरे भारत में 38वें स्थान पर है और इसमें 43 डिपार्टमेंट संचालित होते हैं। यहां 22 विषयों में एमबीबीएस और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई होती है, लेकिन सीटों की संख्या केवल 125 है। छात्रों का मार्गदर्शन एम्स रायपुर के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा किया गया। सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर शक्ति दास और डॉक्टर लक्ष्मीकांत चौधरी ने छात्रों को माइक्रोबायोलॉजी और एनाटॉमी विभाग की विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से एनाटॉमी म्यूजियम में मानव शरीर संरचना और शवों को संरक्षित करने की तकनीक की जानकारी दी गई, जहां 2012 से शवों को सुरक्षित रखा गया है। पैथोलॉजी विभाग में टिश्यू कल्चर और ट्यूमर की पहचान करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। भ्रमण के अंत में, एम्स रायपुर की सुप्रीडेंसी डॉक्टर रेनू राजपूत ने छात्रों और स्कूल स्टाफ से मुलाकात की और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**अछोटी स्थित अभ्युदय संस्थान में देखी जीवन विद्या के सिद्धांतों के आधार गतिविधियां-** उसके बाद विद्यार्थी और शिक्षक अछोटी स्थित अभ्युदय संस्थान पहुँचे, जिसकी स्थापना 2000 में हुई थी। अभ्युदय संस्थान जीवन विद्या के सिद्धांतों के आधार पर संचालित होता है। यहां के अभिभावक विद्यालय में नर्सरी से दसवीं तक की कक्षाएं चलती हैं, जो चेतना विकास और मूल्य शिक्षा पर केंद्रित हैं। इसके अलावा, संस्थान में ऑर्गेनिक फार्मिंग भी होती है, जिसमें हाइड्रोपोनिक्स तकनीक का उपयोग करके बिना मिट्टी के ग्रासवीट की खेती की जाती है। जिसके बारे में संकेत ठाकुर (कृषि वैज्ञानिक) ने जानकारी साझा की। इस शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों को न केवल मेडिकल क्षेत्र के प्रति जागरूक किया, बल्कि मानवीय मूल्यों और प्राकृतिक खेती की महत्ता से भी परिचित कराया।

## विधायक दीपेश ने दिवंगत श्याम प्रसाद पाण्डेय को दी श्रद्धांजलि



**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सरोज पांडेय एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पांडेय के पिता स्वर्गीय श्यामजी पांडेय के शोक सभा में श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता पहुंचे। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने भी शोक श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर स्व. श्यामा प्रसाद पाण्डेय को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने स्व. श्यामजी पांडेय द्वारा समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया। श्री साहू ने कहा कि पिता एक वृक्ष की तरह होते हैं, जो जीवन के दुख रूपी धूप को सहकर को बच्चों के जीवन को छाया प्रदान करते हैं, जिससे बच्चे अपने जीवन की सफलता के मार्ग पर अग्रसर होते हैं।

## बैज अपना पद बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं : प्रज्ञा


**बेमेतरा।** प्रदेश का कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा कवर्धा में हुई घटना के संबंध में गृहमंत्री विजय शर्मा का इस्तीफा मांगने पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अपना पद बचाने बैज संघर्ष कर रहे हैं। इनकी सत्ता के दौरान साजा के बिरमपुर में हुई घटना में खुद तो नहीं आए और न ही कोई अन्य बड़ा नेता पीड़ति परिवार के आंसू पोंछने पहुंचा। खैर उसका न्याय तो ईश्वर ने कर दिया। अब बैज सिर्फ अपना पद बचाने के लिए इधर-उधर की बयानबाजी कर रहे हैं। श्रीमती निर्वाणी ने कहा कि दीपक बैज छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सबसे फ्लॉप अध्यक्ष साबित हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते बैज विधानसभा चुनाव खुद तो हारे ही साथ में पार्टी की भी नैया डूबो कर रख दी। बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल की लाइन छोटी करने में दिमाग लगाते रहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से इतनी करारी हार कॉंग्रेस की कभी नहीं हुई। जिस नैतिकता की दुहाई देकर दीपक बैज गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफा मांग रहे हैं, अगर खुद में थोड़ी भी नैतिकता बची है, तो विधानसभा और लोकसभा में करारी हार के बाद संगठन से खुद इस्तीफा दे देना था।



## प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ लोकेश के खुद का घर होने का सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ग्राम चमारी, बेमेतरा निवासी लोकेश साहू का और उनके माता-पिता का वर्षों से सपना था कि उनका अपना एक घर हो, जिसमें वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सुकून भरा जीवन बिता सकें। आर्थिक कठिनाइयों और सीमित आय के कारण यह सपना दूर की बात लग रहा था। परंतु प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके इस सपने को हकीकत में बदल दिया। माता कौशल्या के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत हुआ। अचानक उनका देहांत हो जाने से सरकार की ओर से नॉमिनीत उनके बेटे लोकेश साहू के नाम से मकान स्वीकृत किया गया।



लोकेश ने बताया कि उन्होंने 10 वीं तक पढ़ाई की है। पहले वे मिट्टी के पुराने घर में रह रहे थे, जो समय के साथ कमजोर हो गया था। बरसात के दिनों में घर में पानी टपकना, दीवारों का टूटना जैसी समस्याएं आम हो गई थीं। इस स्थिति में रहना उनके परिवार के लिए असुरक्षित और कष्ट दायक था। लेकिन, साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोकेश की माता ने भी आवेदन किया। उनके आवेदन की जांच के बाद, उन्हें योजना के तहत घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी गई। किंतु एक किश्त मिलने के बाद उनका निधन हो गया। उसके बाद उनके बेटे लोकेश को यह आवास मिला।

## अयोध्या जाकर श्री राम लला के दर्शन करना सौभाग्य व गर्व का विषय : साहू

**जामगांव आर।** अयोध्या में भगवान रामलला का दर्शन करने गए 850 श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को वापस पहुंचा। जामगांव आर(दक्षिण पाटन) मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू के नेतृत्व में मंडल पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, पिछड़ा वर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष एवं मंडल उपाध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा सहित अंचल के श्रद्धालुओं के साथ ही बस्तर संभाग सहित 850 भक्त अयोध्या में भगवान श्री रामलला के दर्शन कर अपने-अपने घर पहुंचे।

मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि भगवान राम का दर्शन अध्योध्या जाकर करना हम भक्तों के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भगवान राम की अयोध्या नगरी पहुंचते ही नई तकनीक सुविधाओं से सुसज्जित नजारा देख समवेत स्वर में एक ही आवाज गूंजने लगती है मोदी है तो मुमकिन है। वहीं मंडल के पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, मंडल उपाध्यक्ष टेसराम साहू ने बताया कि अध्योध्या में मंदिर निर्माण ने तो अयोध्या के स्वरूप को नई तकनिकों से सराबोर कर दिया है। भगवान राम की मनमोहक मूर्ति के साथ-साथ भगवान राम की जन्म भूमि अयोध्या भक्तों को भरपूर आकर्षित कर रही है। राजेश बंछोर व रूपसिंह सिन्हा सहित भक्तों ने कहा कि अयोध्या पहुंचकर भगवान राम के दर्शन करना जीवन का स्वर्णिम क्षण रहा।



